AMAR UJALA [MARCH 7, 2013]

युवा राजनीति में आएं : केजरीवाल

बिमटेक के स्थापना दिवस के रजत जयंती कार्यक्रम में पहुंचे

हिमांशु सैनी

ग्रेटर नोएडा के बिमटेक इंस्टीट्यूट में कार्यक्रम के दौरान भाषण देते 'आप' के अरविंद केजरीवाल।

अमर उजाला ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल बुधवार को नॉलेज पार्क स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) के स्थापना दिवस की रजत जयंती अवसर पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे चुनावों में मसल और मनी पावर को खत्म करने के लिए राजनीति में आएं।

अरविंद केजरीवाल ने देश में भ्रष्टाचार को लेकर बनाए गए एंटी करप्शन लॉ की खामियों का जिक्र करते हुए कहा कि इस कानून में सजा का प्रावधान बनाया गया है लेकिन रिश्वत से कमाई गई राशि को जब्त करने का कहीं जिक्र तक नहीं है। पिछले दो वर्षों से लंबी लड़ाई लड़ने के बावजूद आम लोगों के लिए जन लोकपाल बिल नहीं बनाया गया है। संसद में केस फॉर वोट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश में सांसद तक खरीदे-बेचे जा रहे हैं। देश की हर पार्टी भ्रष्टाचार में डूबी है। कई सांसदों व विधायकों के खिलाफ हत्या, बलात्कार, अपहरण के संगीन मामले चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भ्रष्टाचार रूपी कीचड़ को समाप्त करने के लिए पार्टी बनाई तो अन्ना से भी अलग होना पड़ा। केजरीवाल ने कहा कि देश में संविधान लागू होने के साथ ही अंग्रेजों के समय के कानून लागू कर दिए गए। पांच साल में होने वाले चुनाव को लोकतंत्र नहीं कहते। लोकतंत्र ऐसा होना चाहिए, जहां जनता की सीधी भागीदारी हो। इस बारे में उन्होंने यूएस और ब्राजील जैसे देश का उदाहरण भी पेश दिया। इस मौके पर बिरला इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. हरवंश चतुर्वेदी ने भी छात्रों को संबोधित किया। इसके बाद अरविंद केजरीवाल ईशान इंस्टीट्यूट पहुंचे और छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। संस्थान केचेयरमैन डॉ. डीके गर्ग ने उन्हें सम्मानित किया। वहीं केजरीवाल ने अपने सीधे संवाद में कहा कि युवाओं को राजनीति में बढ़कर भागीदारी करनी होगी, तभी देश से भ्रष्टाचार समाप्त होगा और व्यवस्था पटरी पर आएगी।

NAVBHARAT TIMES

'खुद तय करें, देश को कितना समय देंगे'

Anil

बिमटेक कॉलेज में अरविंद केजरीवाल ने स्टूडेंट्स को संबोधित किया

एनबीटी न्यूज ॥ नॉलेज पार्क

यहां स्थित बिमटेक इंस्टिट्यूट और ईशान इंस्टिट्यूट में बुधवार को अरविंद केजरीवाल ने लेक्चर दिया। इस दौरान केजरीवाल ने युवा वर्ग और राजनीति से संबंधित अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने जनता की भागीदारी वाले प्रजातंत्र पर जोर देते हुए कहा कि जनता के पैसे का उपयोग कहां हो यह निर्णय जनता के हाथ में ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूथ खुद तय करें कि वह अपने वतन के लिए कितना समय देंगे। यूथ अपने जीवन का पांच पर्सेंट भी अपने देश के लिए देने लगे तो भारत की गिनती दुनिया के सबसे समृद्ध और सबसे शक्तिशाली देश में होगी। केजरीवाल ने अपने लेक्चर की शुरूआत संसद सदस्यों के खरीद-फरोख्त से की। उन्होंने कहा कि यदि हमारे सांसद इतनी आसानी से खरीदे-बेचे जा सकते हैं, तो हम कहां तक स्वाधीन हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति को एक घिनौना खेल समझा जाता है, जबकि यह प्रजातंत्र की आत्मा है और इसकी गंदगी को साफ करना हमारा कर्तव्य है। केजरीवाल ने बताया कि आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार पार्टी आलाकमान नहीं बल्कि क्षेत्र के कार्यकर्ता तय करेंगे।

RASHTIYA SAHARA [MARCH 7, 2013]

कैंपस से

'राजनीति की गंदगी साफ करने आगे आएं युवा'

ग्रेटर नोएडा। आम आदमी पार्टी के संस्थापक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राजनीति में फैली गंदगी को साफ-सुथरा करना युवाओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। राजनीति में आने की रुचि पैदा करनी होगी। युवा शक्ति ही व्यवस्था परिवर्तन करने में सक्षम है। सत्ता में आने पर भ्रष्टाचार को मिटाना पार्टी की प्राथमिकता होगी। पांच साल में चुनाव कराने को लोकतंत्र नहीं कहते। लोकतंत्र वह है, जिसमें जनता सरकार से जवाब ले सके। केजरीवाल बुधवार को नॉलेज पार्क स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। केजरीवाल ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अतिथियों के प्रश्नों का उत्तर दिया। युवाओं को राजनीति में आने का आह्वान करते हुए श्री केजरीवाल ने कहा कि राजनीति को एक घिनौना खेल समझा जाता है। जबकि वास्तव में राजनीति प्रजातंत्र की आत्मा है और इसकी गंदगी को साफ करना हमारा कर्तव्य है।